**न्यायालय प्रथम अपर जिला जज, कोर्ट सं०–1 बस्ती**

**प्रकीर्ण सिविल वाद सं०– 14/2026**

**दिलीप कुमार बनाम कलेक्टर बस्ती**

**<u>दिनांक 15.05.2026</u>**

पत्रावली पेश हुई।

पत्रावली आज प्रार्थनापत्र 4ग पर आदेशार्थ नियत हैं।

प्रार्थनापत्र 4ग आवेदकगण दिलीप कुमार आदि की तरफ से प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि प्रकीर्ण वाद सं०–98/2024 में दिनांक 11.12.2025 की तिथि नियत थी, उक्त दिनांक को आवेदक पैरवी के लिए कचहरी आ रहे थे रास्ते में मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण काफी चोट लग गयी जिससे चोटहिल कचहरी नहीं आ सका। प्रकीर्ण वाद सं० –98/24 पक्षों की अनुपस्थिति में न्यायालय द्वारा अनुपस्थिति में निरस्त किया गया, उक्त आदेश से आवेदक को सख्त हकतलफी है, आवेदकगण ने पैरवी में जानबूझ कर कोई गलती नहीं किया है। आवेदकगण द्वारा प्रकीर्ण वाद सं०–98/24 में पारित आदेश रिकाल व निरस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। प्रार्थनापत्र के समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है।

सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया। प्रकीर्ण वाद दिनांक 11.12.2025 को पक्षों की अनुपस्थिति में निरस्त किया गया है। आवेदक की तरफ से दिनांक 11.12.2025 को अनुपस्थिति का कारण मोटरसाइकिल के दुर्घटनाग्रस्त हो जाना अंकित किया है जिसके समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है। वाद के गुणदोष के आधार पर निस्तारण हेतु पक्षों को सुनवाई का अवसर प्रदान किया जाना न्यायोचित एवं विधि सम्मत प्रतीत होता हैं। तदनुसार प्रकीर्ण प्रार्थनापत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

**<u>आदेश</u>**

प्रकीर्ण प्रार्थनापत्र 4ग स्वीकार किया जाता है। प्रकीर्ण वाद सं०–98/2024 में पारित आदेश दिनांक 11.12.2025 रिकाल व निरस्त किया जाता है। प्रकीर्ण वाद सं० 98/2024 अपने मूल नम्बर पर पुर्नस्थापित होने के उपरान्त पत्रावली दिनांक को पेश हो।

प्रथम अपर जिला जज,<br>
कोर्ट सं०–1 बस्ती

Digitally signed by Kamlesh Kumar
Date: 2026.05.16 07:54:47 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court